NCERT SOLUTIONS

CLASS - 7th

aglasem.com

Class : 7th

Subject : हिन्दी

Chapter : 1

Chapter Name : चिड़िया और चुरुंगुन

Q1.नमूने के अनुसार लिखो

(क)डाली से डाली पर पहुँचा,

देखी कलियाँ देखे फूल।

(ख)खाने-गाने के सब साथी,

देख रहे हैं मेरी बाट।

(ग) कच्चे-पक्के फल पहचाने,

खाए और गिराए काट।

(घ) उस तरु से इस तरु पर आता,

जाता हूँ धरती की ओर।

Answer: (क)चुरुंगुन पेड़ की एक डाली से दूसरी डाली पर पहुंचा। उसने डाली पर लगी हुई कलियाँ और फूल देखे।

(ख)चुरुंगुन के साथ खाने, गाने और खेलने वाले साथी, उसके इंतजार में हैं।

(ग) चुरुंगुन ने कच्चे व पके फलों में अंतर करना अब सीख लिया है। उसने उनमें से कुछ खाये और कुछ काटकर गिरा दिये।

(घ) चुरुंगुन एक वृक्ष से दूसरे वृक्ष पर आता-जाता रहता है। वह धरती की ओर भी जाने लगा है|

Page : 3 , Block Name : नमूने के अनुसार लिखो

aglasem.com

Q2. कविता से

(क) चुरुंगुन अपने ‘उड़ने’ के बारे में बार-बार अपनी माँ से क्यों पूछता है?

(ख) चुरुंगुन को कौन-कौन सी चीज़ें अच्छी लगती हैं?

(ग) चुरुंगुन अभी-अभी अपने घोंसले से निकला है। फिर भी वह पूरी दुनिया के बारे में जानना चाहता है। तुम किन चीज़ों के बारे में जानना चाहते हो?

Answer :

(क)चुरुंगुन अपने उड़ने के बारे में बार-बार अपनी माँ से इसलिए पूछता है क्योंकि वह अभी-२ घोंसला छोड़कर बाहर आया है एवं उसे नहीं पता है की उड़ना किसे कहते हैं , उसे इसका ज्ञान है या नहीं है।

(ख)चुरुंगुन को इस डाल से उस डाल पर जाना, कच्चे-पक्के फल खाना, अपने साथियों के साथ खेलना एवं नीला आकाश देखना अच्छा लगता है।

(ग)जिस प्रकार चुरुंगुन पूरी दुनिया के विषय में जानना चाहता है , उसी प्रकार हम भी अपने आस-पास की सुनी-अनसुनी सभी बातों के विषय में जानना चाहते है।

Page : 3 , Block Name :कविता से

Q3. क्रम से लगाओ।
नीचे कुछ चीज़ों के नाम लिखे हैं। चुरुंगुन ने पहले किसे देखा? क्रम से लगाओ।
फूल, पात, फुनगी, डाल, फल, कलियाँ, धरती, साथी, तरु, दाना, गगन
Answer: डाल, पात, कलियाँ, फूल, फुनगी, फल, साथी, तरु, धरती, दाना, गगन|

Page : 4 , Block Name :क्रम से लगाओ

Q4. और चुरुंगुन उड़ गया
उड़ने के बाद चुरुंगुन कहाँ-कहाँ गया होगा? उसने क्या-क्या देख होगा? अपने शब्दों में लिखो।
Answer:चुरुंगुन आकाश, बगीचों, घरों और मैदानों में गया होगा। उसने वहाँ रंग-बिरंगें फल,फूल, लोग, पानी, जीव-जंतुओं और अन्य जातियों के पक्षियों को देखा होगा।यह सबको देखकर उसे आश्चर्य और आनंद दोनों का अनुभव हुआ होगा।

Page : 4 , Block Name :और चुरुंगुन उड़ गया

Q5. वचन बदलो

aglasem.com

एकवचन   बहुवचन
घोंसला - घोंसले, घोंसलो
डाल
बात
कली
फूल
फल
साथी
तरु
दाना
डैन

Answer -

एकवचन	बहुवचन
घोंसला	घोंसले, घोंसलों
डाल	डालें, डालों
बात	बातें, बातों
कली	कलियाँ, कलियों
फूल	फूलों
फल	फलों
साथी	साथियों

aglasem.com

तरु	तरुओं
दाना	दानें
डैना	डैने

Page : 4 , Block Name :वचन बदलो

Q6.बार बार बोलो और प्रत्येक शब्द से वाक्य बनाओ
डाल ढाल
बात भात
फूल मूल
दाना धान
फल पल
Answer:
डाल डाल पर एक चिड़िया बैठी है।
ढाल ढाल से युद्ध में सैनिक अपनी रक्षा करता है।
बात मधुर आवाज़ में बात करनी चाहिए।
भात आज घर में भात पकाया गया है।
फूल फूल रंग-बिरंगें होते हैं।
मूल पेड़ की मूल में पानी देना चाहिए।
दाना पक्षी दाना चुग रहे हैं।
धान धान का पौधा हरा होता है।
फल फल मीठे होते हैं।
पल पल भर में वक़्त बदल जाता है ।

Page : 4 , Block Name : बार बार बोलो और प्रत्येक शब्द से वाक्य बनाओ

aglasem.com